भारत सरकार

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 932

दिनांक 25 **जुलाई**, 2022

गैस सिलेंडर भरवाना

932 # **श्री राम नाथ ठाकुर**:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि एलपीजी के घरेलू उपभोक्ताओं की एक बड़ी संख्या गैस सिलेंडर भरवाने में असमर्थ रही है;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान गैस सिलेंडर भरवाये जाने संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या उपभोक्ताओं द्वारा एलपीजी गैस सिलेंडर को कम संख्या में भरवाने के कारणों का पता लगाने के लिए कोई अध्ययन करवाया गया है?

उत्तर

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (ग) जी, नहीं। वर्ष 2021-2022 के दौरान 30 करोड़ घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं में से, लगभग 93 प्रतिशत एलपीजी उपभोक्ताओं ने रीफिल प्राप्त किए। तथापि, तेल विपणन कम्पनियों (ओएसीज) द्वारा कुल बेचे गये रीफिलों में वृद्धिपरक रूझान दिखाई दिया है। ओएमसीज द्वारा पिछले तीन वर्षो में बेचे गये एलपीजी रीफिलों का वर्ष-वार ब्यौरा इस प्रकार है:-

ओएमसीज द्वारा घरेलू एलपीजी की बिक्री (लाख में 14.2 कि.ग्रा. सिलिंडर)		
2019-20	2020-21	2021-22
16251.1	17695.6	17958.9

****